Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a National Sports complex in the name of late Khashaba Dadasaheb Jadhav.

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान एक बेहद दुखद घटना की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। वर्ष 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक्स में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक दिलवाने का काम जाने-माने रेसलर स्वर्गीय खाशाबा जाधव ने किया था। लेकिन आज महाराष्ट्र में स्वर्गीय खाशाबा जाधव जी के बेटे ने उस पदक को नीलाम करने का ऐलान किया है। यह बहुत दुखद और शर्मनाक बात है। उसका इस पदक को नीलाम करने का कारण है कि वर्ष 2009 में महाराष्ट्र सरकार ने कुश्ती के लिए स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने का ऐलान किया था, लेकिन वह आज तक नहीं बना।

अध्यक्ष महोदया, मैं पिछले नौ साल से खाशाबा जाधव जी को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार दिलवाने की मांग कर रहा हूं, लेकिन केन्द्र सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही राज्य सरकार ने ध्यान दिया। खाशाबा जाधव जी जैसे ओलम्पिंक विनर, जिन्होंने लोगों से चंदा इकट्ठा करके हेलसिंकी ओलम्पिक्स में देश का नाम रोशन किया था, आज अगर उनका बेटा वह पदक नीलामी में बेचना चाहता है, तो यह बहुत शर्मनाक बात है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उनके जन्म गांव कराड में कुश्ती स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने के साथ-साथ उन्हें मरणोपरांत पद्म पुरस्कार दिया जाये।।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री ए.टी. नाना पाटील,

श्री जॉर्ज बेकर,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

श्री अरविंद सावंत,

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत,

श्रीमती रक्षाताई खाडसे,

श्री राहुल शेवाले,

श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे और

श्री राजीव सातव को श्री राजू शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।